दैनिक भास्कर 17/05/2023

# स्वयंसेवकों ने खुड्डा कलां में किया युवाओं का सर्वे



**अम्बाला |** जीएमएन कॉलेज के स्वयंसेवकों ने गांव खुड्डा कलां में सर्वे का काम किया। स्वयंसेवकों ने गांव के 15 से 29 साल तक के युवाओं की जानकारी जुटाई कि कितने ऐसे युवा हैं जिन्होंने न तो प्रारंभिक शिक्षा ली और न ही किसी नियमित रूप से किसी रोजगार में लगे हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि स्टूडेंट्स ने बड़ी लगन के साथ सर्वे में भाग लिया। डॉ. सरोज बाला ने बताया कि ये सर्वे भारत सरकार को सत्य आंकड़े प्रस्तुत करने में मदद करेगी। डॉ. अनीश ने बताया कि इस प्रकार के सर्वे विद्यार्थियों को सामाजिक कामों को करने के लिए प्रेरित करते हैं।